<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

इरेडा नए इक्विटी इश्यू के माध्यम से लगभग ₹4500 करोड़ जुटाएगी; क्यूआईपी के माध्यम से सरकारी शेयरधारिता डाइल्यूट की जाएगी

नई दिल्ली, 18 सितंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) को आज निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) से नए इक्विटी इश्यू के जरिए लगभग ₹4500 करोड़ जुटाने की मंजूरी मिल गई।

डीआईपीएएम ने एक उच्च-स्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर यह मंजूरी दी है। इस फंड जुटाने का काम क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें इरेडा में भारत सरकार की हिस्सेदारी को इश्यू के बाद 7% तक कम करने की योजना है, जिसे एक या एक से अधिक ट्रांचों में पूरी की जाएगी।

फंड जुटाने की इस कार्य का उद्देश्य इरेडा के पूंजी आधार को मजबूत करना है, ताकि संगठन द्वारा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अपने वित्तपोषण को बढ़ाया जा सके और भारत के स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में परिवर्तन को और अधिक तीव्र किया जा सके।

इस मंजूरी के बारे में टिप्पणी करते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "डीआईपीएएम की मंजूरी हमारी विस्तार योजनाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। नए पूंजी निवेश के साथ, हम भारत की महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों का सपोर्ट करने और संपूर्ण देश में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे।"